# सीता माता के हम लाल

सीता माता के हम लाल, लवकुश है नाम हमारा,
लवकुश है नाम हमारा, लवकुश है नाम हमारा,
सीता माता के हम लाल.....

हम वन में रहने वाले मुनि बाल्मिक ने पाले,
अरे हमें पिता का नहीं कछु ध्यान,
लवकुश है नाम हमारा....

जो हिम्मत हो तुम्हारी लड़ने की करो तैयारी,
अरे हमरा खाली न जाए कोई वार,
लवकुश है नाम हमारा.....

हम मारे और मरेंगे लड़ने से नहीं डरेंगे,
अरे चाहे सामने आ जाए काल,
लवकुश है नाम हमारा.....

हुए राम सोच बस ठाड़े फिर बाल्मिक वहां आए,
पल में काटे दिए सब जाल,
लवकुश है नाम हमारा.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/27603/title/sita-mata-ke-hum-laal

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |